-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 16.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **सेंट मैरी सीनियर सैकेण्डरी स्कुल के छात्र-छात्राओं द्वारा कालू कुआं चौराहे पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को किया गया जागरूक । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सेंट मैरी सीनियर सैकेण्डरी स्कुल के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से कराया गया अवगत ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में यातायात माह नवंबर के अंतर्गत जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 16.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा कालू-कुआं चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सेंट मैरी सीनियर सैकेण्डरी स्कुल के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से अवगत कराया गया । सभी छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से जुड़ी आवश्यक बातें बताते हुये उनका पालन करने की सलाह दी । साथ ही अपने-अपने परिवार तथा आस-पास के लोगों को भी जागरुक करने के लिये प्रेरित किया गया । अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बांदा द्वारा बताया गया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये बिना हेलमेट पहने व्यक्ति को हेलमेट गिफ्ट करने की परंपरा को जीवन में उतारने कि आवश्यकता है । शिक्षित होते हुए भी नियमों का पालन न करना एक दंडनीय अपराध है । हम सभी को नियमों का पालन करते हुए दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास करना चाहिए । इस दौरान सेंट मैरी सीनियर सैकेण्डरी स्कुल के छात्र-छात्राओं द्वारा कालू कुआं चौराहे पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया गया । मंडलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ. पीयूष मिश्र ने यातायात नियमों से परिचित कराते हुए छात्र-छात्राओं को नोडल छात्र के रूप में इस अभियान के लिए नियुक्त किया तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों हेतु यातायात माह नवंबर के समापन अवसर पर पुरस्कृत करने की बात कही तथा 18 वर्ष से कम उम्र के छात्र-छात्राओं को दो पहिया वाहन ना चलाने के लिए प्रेरित किया । सेंट मैरी सीनियर सैकेण्डरी स्कुल के प्रधानाचार्य से अपील की को नाबालिग छात्र-छात्राओं द्वारा दो पहिया वाहन चलाने की स्थिति में सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से बैठक करके अभिभावकों को जागरूक करें तथा समय-समय पर जागरूकता अभियान का आयोजन कर अभिभावकों को भी सम्मिलित करें । क्षेत्राधिकारी श्रीमती प्रगति चौहान ने नशे की हालत में वाहन ना चलाने तथा ट्रिपलिंग सवारी से बचने की बात करते हुए दो पहिया वाहन से हो रही दुर्घटनाओं से सभी को अवगत कराया । इस अवसर पर समाजसेवी सुनील सक्सेना ने भी छात्र/छात्राओं का उत्साह वर्धन किया । प्रधानाचार्य सेंट मेरी डेविड ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दिए गए सुझावों पर अमल करने का विश्वास दिलाया । इस अवसर पर सेंट मैरी के शिक्षक शिक्षिका विवेक शर्मा, रत्ना ,शशि , एवं अन्य सभी शिक्षकों शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पीयूष मिश्र द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई ।